प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 02.06.2025

मुख्य समाचारः—

- सुकमा जिले में सोलह माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण—इनमें से छह माओवादियों पर पच्चीस लाख रूपए का इनाम घोषित था।
- स्वच्छ भारत—हरित भारत अभियान का आज रायपुर से हुआ शुभारंभ।
- जेईई एडवांस्ड परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।
- महासमुंद जिले के शेरगांव में एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत।

माओवादी—आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में आज सोलह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक महिला और एक पुरुष माओवादी पर आठ—आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके साथ ही छह माओवादियों पर कुल पच्चीस लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हान और एएसपी उमेश गुप्ता के समक्ष इन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें केरलापेंदा के अंतिम नौ माओवादी भी शामिल हैं। इसी के साथ केरलापेंदा गांव को नक्सल मुक्त गांव घोषित कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा विकास कार्यों के लिए इस गांव को एक करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

गौरतलब है कि सुकमा जिले के बड़ेसट्टी गांव को पहले ही नक्सल मुक्त घोषित किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री—कोंडागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल कोंडागांव जिले के भोंगापाल में भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर आयोजित बुद्ध महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की चेतना का प्रसार समकालीन छत्तीसगढ़ में व्यापक रूप से हुआ और बस्तर की पुण्य धरा में इसके साक्ष्य मिले हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जिले के विकास के लिए चौरानवे करोड़ रूपए से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पलेना और परोदा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण और भोंगापाल में बुद्ध महोत्सव आयोजन के लिए पच्चीस लाख रूपए देने तथा सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ रूपये देने की घोषणा की।

अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने भोंगापाल से डेयरी समग्र विकास योजना के तहत दुधारू पशु प्रदाय योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना के पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के छह जिलों – कांकेर, कोंडागांव, जशपुर, बलरामपुर, महासमुंद और सारंगढ़—बिलाईगढ़ के तीन सौ पच्चीस अनुसूचित जनजाति परिवारों की महिला हितग्राहियों को दुधारू पशु प्रदान किए जाएंगे।

वहीं, मुख्यमंत्री ने भोंगापाल में स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में महालक्ष्मी महिला स्व—सहायता समूह के सदस्यों को कयाकिंग के लिए पांच नाव भी प्रदान कीं हैं।

"हरित भारत—स्वच्छ भारत अभियान"

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज रायपुर के तेलीबांधा तालाब में आयोजित केन्द्र सरकार के "स्वच्छ भारत–हरित भारत'' अभियान" का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नगरवासियों को प्लास्टिक मुक्त रायपुर बनाने की शपथ दिलाई। साथ ही तेलीबांधा तालाब के तट पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर यह अभियान प्रदेशभर में चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों को अपनी दैनिक दिनचर्या में स्वच्छता को शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

वहीं, उपमुख्यमंत्री ने महिला समूह द्वारा संचालित कियोस्क सेंटर का भी उद्घाटन किया, जिसमें समूह की महिलाएं शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने कपड़े से बने थैले का निर्माण करेंगी।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव और वन मंत्री केदार कश्यप ने तेलीबांधा तालाब परिसर में आयोजित स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना और स्वच्छता के महत्व को समाज में स्थापित करना है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि ''स्वच्छ भारत – हरित भारत अभियान'' से रायपुर प्लास्टिक मुक्त होगा।

कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, तथा महापौर मीनल चौबे उपस्थित थी।

<u>सहकारिता मंत्री–बैठक</u>

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज मंत्रालय में सहकारिता विभाग की वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य में रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति, भण्डारण और किसानों को वितरण की स्थिति की समीक्षा की। श्री कश्यप ने कहा कि किसानों को सुगमता से रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सहकारी समितियों की है। किसानों की मांग को देखते हुए समितियों में नियमित रूप से खाद का भण्डारण और वितरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में अन्य उर्वरकों के उपयोग के लिए जागरूक किया जाना चाहिए।

श्री कश्यप ने बैठक में कहा कि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े। निजी क्षेत्र की दुकानों में किसी भी तरीके की गड़बड़ी न हो, इस पर भी निगरानी रखी जानी चाहिए। उन्होंने उर्वरकों को निर्धारित दाम से अधिक मूल्य पर बेचने और कालाबाजारी की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

<u>महतारी वंदन योजना–राशि</u>

राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत आज जून महीने की सोलहवीं किश्त का भुगतान जारी कर दिया गया है। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की उनहत्तर लाख तीस हजार से अधिक महिलाओं को कुल छह सौ अड़तालीस करोड़ रूपए से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गई।

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। जिन हितग्राहियों का खाता डीबीटी इनेबल नहीं है वे तत्काल बैंक जाकर आधार सीडिंग करवायें, ऐसा नहीं होने पर उन्हें भुगतान की जाने वाली राशि वापस जा रही है।

<u>'विकसित कृषि संकल्प अभियान</u>

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत छत्तीसगढ़ में वैज्ञानिकों की टीम गांव–गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद कर रही है। इसी कड़ी में आज वैज्ञानिकों की टीम आरंग ब्लॉक के भानसोज और नारा गांव पहुंची, जहां उन्होंने किसानों से संवाद कर धान की अलग–अलग किस्मों के बारे में जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक विनोद कुमार चौधरी ने किसानों को खेती–किसानी में नवाचार अपनाने की सलाह दी।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल–दौरा

आतंकवाद के विरूद्ध भारत के दृढ़ रवैये का संदेश देने के लिए सांसदों वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों की यात्रा पर हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद और इसके सभी रूपों को कतई बर्दाश्त न करने के भारत के सशक्त संदेश का प्रसार कर रहे हैं। एनसीपी–एससीपी की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिस्र पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल ने कल अपनी इथियोपिया की यात्रा को संपन्न किया।

इससे पहले, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने लाइबेरिया में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। श्री शिंदे ने कहा कि चार से पांच दशकों तक आतंकवाद के विरूद्ध लडाई के बावजूद भारत अभी प्रौद्योगिकी में एक बड़ी शक्ति है।

राज्यपाल–सहायता राशि

राज्यपाल रमेन डेका ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले रायपुर निवासी स्वर्गीय दिनेश अग्रवाल की पत्नी नेहा अग्रवाल को आज राजभवन में दो लाख रूपए की सहायता राशि संबंधी चेक प्रदान किया। इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी और पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे।

जेईई एडवांस्ड परीक्षा–परिणाम

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने आज जेईई एडवांस्ड परीक्षा–दो हजार पच्चीस के परिणाम घोषित कर दिए हैं। छात्र–छात्राएं वेबसाइट पर अपने परिणाम देख सकते हैं। जेईई एडवांस्ड परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और तकनीकी शिक्षा के अन्य सहभागी संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

केन्द्रीय मंत्री–चिराग पासवान

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्री चिराग पासवान आज अपने एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ में लोक जनशक्ति पार्टी का विस्तार करेंगे। श्री पासवान ने कहा कि बिहार, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ में पार्टी के विचारधारा के लोग हैं। इन सभी राज्यों में पार्टी का मजबूती से विस्तार हो सकता है।

दुर्घटना

महासमुंद जिले के शेरगांव में ट्रैक्टर और मोटर साइकिल की टक्कर में दो सगे भाईयों सहित तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं, बिलासपुर–रायपुर हाइवे में एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन डिवाइडर से टकरा कर दुर्घटना का शिकार हो गया। इसमें एक युवक की मौत हो गई। इसके अलावा रतनपुर में भी एक मालवाहक पेड़ से जा टकराया, जिससे उसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ये युवक गाड़ी के केबिन में फंसे थे, जिन्हें ढाई घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन कर गैस कटर से केबिन को काटकर निकाला गया।

रायगढ़ के रेंगालपाली बेरियर के पास ट्रक और बाइक की टक्कर में एक ठेका कर्मचारी की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य घायल युवक का मेकाहारा में इलाज चल रहा है।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में चार जून को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

- कल विश्व साइकिल दिवस है। इस अवसर पर सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में सारंगढ़ के खेलभाटा मैदान से विश्रामगृह तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

- रायपुर पुलिस ने करोड़ो रूपये की धोखाधड़ी करने वाले चिटफण्ड कम्पनी के डायरेक्टर को नागपुर से गिरफ्तार किया है।

- दुर्ग पुलिस ने आठ म्युल एकाउण्ट खाता धारकों और खाता खरीदने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

- नारायणपुर जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र के कच्चापाल कैम्प में नया मोबाइल टावर लगाया गया है। इससे आसपास के क्षेत्र के लोगों को मोबाइल कनेक्टिविटी, दूरसंचार व्यवस्था और इंटरनेट का लाभ मिलेगा।